**श्री राम विलास पासवान** : ठीक है लेकिन फैक्ट यह है कि शंबूक नाम का एक तपस्वी जब तपस्या करने के लिए जाता है और किसी का लड़का मर जाता है, तो यह कहा जाता है कि लड़का क्यों मरा बाप के रहते। इस पर लोगों ने कहा कि एक शुद्र तपस्या कर रहा है, जिससे ऐसा हुआ। राम ने इतना भी नहीं हुआ कि वह जा कर पूछते कि क्या बात है। वह तलवार लेकर जाता है और जाकर गर्दन काट देता है।

**श्री एम० रामगोपाल रेड्डी** : गलत है।

**श्री रामविलास पासवान** : जो मैं जानता हूं, वह कह रहा हूं। ......(व्यवधान)

**एक माननीय सदस्य** : ये राम गोपाल रेड्डी हैं।

**श्री राम विलास पासवान** : ये रामगोपाल रेड्डी हैं, तो मैं भी राम विलास पासवान हूं। इसलिए मैं यह कहता हूं कि मैं इसका विरोधी हूं क्यों कि राम राज्य में ऐसा हुआ था। राम राज्य में और बहुत सारी चीजें अच्छी हो सकती लेकिन हैं यह प्रसंग जब तक रामायण में रहेगा, मैं उसका विरोधी रहूंगा और हमारे जैसा आदमी उसका विरोधी रहेगा।

इसी तरह से आप द्वापर युग में देखिये। महाभारत में आप ने पढ़ा होगा कि एकलव्य का अंगूठा काटने का जिक्र उस में आता है। जब तक उस में एकलव्य के अंगूठा काटने का मामला रहेगा, मै उसका विरोधी रहूंगा। एकलव्य शुद्र था और उस को ज्ञान नहीं दिया गया।

**श्री एम० राम गोपाल रेड्डी** : अभी तो आप रामायण की बात कर रहे थे और अब महाभारत पर आ गये हैं।

**श्री राम विलास पासवान** : वही मैं कह रहा हूं। अब मैं रामायण से महाभारत पर चला आया हूं। एकलव्य सीखने के लिए द्रोणाचार्य के पास जाता है और द्रोणाचार्य उस को शिक्षा नहीं देता है। वह पूछता है कि तुम किस जाति के हो। उसने कहा कि मैं शुद्र हूं।

तब द्रोणाचार्य उससे कहता है कि शुद्र को शिक्षा देने के लिए मेरे यहां कोई जगह नहीं है। इस पर वह जंगल में चला जाता है और जंगल में रहता है। इस देश का यह दुर्भाग्य रहा है कि ब्राह्मण और क्षत्रिय दोनों मिल गये। एक राजा बनेगा और दूसरा एडवाइज करेगा। राम राज्य करेगा, तो वशिष्ठ एडवाइज करेगा और द्वापर में कृष्ण राज्य करेगा, तो द्रोणाचार्य एडवाइज करेगा, और जनकपुरी में जनक राज्य करेगा, तो विश्वामित्र एडवाइज करेगा। तो डिवाइड एण्ड रूल करने की बात पहले से चली आ रही है। दोनों ने मिलकर शक्ति को अपने हाथ में ले लिया। आपने इतिहास में पढ़ा होगा कि पहले ब्राह्मणों और क्षत्रियों का युद्ध हुआ था और अब बैक्वर्ड और फारवर्ड का युद्ध हो रहा है, हरिजनों और नान-हरिजनों का युद्ध हो रहा है।......(व्यवधान)......इस विश्वामित्र की कहानी को मैं यहीं छोड़ देता हूं लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि द्रोणाचार्य और अर्जुन, भीम, नकुल और सहदेव जब जंगल में यह देखते हैं कि एक कुत्ता है और उस के मुंह में वाण पड़ा हुआ है और उस के मुँह से न आवाज निकलती है और न खून निकल रहा है, तो यह पता लगाने के लिए कि वह धनुर्धारी कौन है वे आगे चलते हैं और देखते हैं कि एक तपस्वीं तपस्या कर रहा है। जब उसकी तपस्या खत्म हुई, तो वह उस से पूछते हैं कि तुम कौन हो। उसने कहा कि मेरा नाम एकलव्य है। द्रोणाचार्य ने पूछा कि तुम्हारा गुरु कौन है? उसने कहा कि मेरे गुरु द्रोणाचार्य है और मैं उनका चेला हूं। इस पर उन्होंने कहा कि द्रोणाचार्य तो मैं हूं। उसने कहा कि मैंने तो उनसे शिक्षा ग्रहण की है। इस पर द्रोणाचार्य ने कहा, मैं इस को द्रोणाचार्य की नीचता तो नहीं कहना चाहता लेकिन मैं यह जरूर कहूंगा कि इसमें एकलव्य की बड़ी महानता थी क्योंकि जब द्रोणाचार्य ने उस से यह कहा कि जब तुमने हमारे नाम से शिक्षा ग्रहण की है, तो क्या तुम हमें गुरु-दक्षिणा नहीं दोगे और उन्होंने कहा कि गुरु-दक्षिणा में तुम अपना अंगूठा काट कर हमें दे दो। अब जिस ने शिक्षा न दी हो, वह अंगूठा कटवा कर ले ले, तो उस को आप क्या कहेंगे लेकिन एकलव्य तो केवल अंगूठे से ही वाण चलाने में निपुण नहीं था, वह तो अपने प्रत्येक अंग से वाण चला सकता था। यही नहीं, द्रोणाचार्य ने उस से यह भी कहा कि तुत महाभारत की लड़ाई में कहीं भी नहीं जाओगे। तो यह चीज द्वापर में हुई थी।

हम को क्या फिर से त्रेता युग में ले जाना चाहते हैं? डा० अम्बेडकर की कहानी आपको याद है। मैं अंग्रेजों का बहुत विरोधी हूं लेकिन कुछ मामलों में मैं उनका कायल भी हूं। उन्होंने इस देश में एक काम किया। सबको इक्विलिटी विफार ला उन्होंने दी। सब के लिए उन्होंने एजूकेशन के दरवाजे खोल दिए। आप यह बताइये आपके द्वापर, त्रेता और सत युगों में क्या सब को पढ़ने का अधिकार था? नहीं था। (व्यवधान)

मैं मनुस्मृति के बारे में आपसे कहना चाहता हूं। आप मनुस्मृति को पढ़ लीजिये। उसमें लिखा है कि अगर कोई ब्राह्मण हत्या करता था तो उसके लिए क्या दण्ड था, क्षत्रिय हत्या करता था तो उसके लिए क्या दण्ड था, वैश्य हत्या करता था तो उसके लिए क्या दण्ड था और शूद्र हत्या करता था तो उसके लिए क्या दण्ड था? ब्राह्मण और क्षत्रिय को प्रिविलेज मिला हुआ था लेकिन उस युग में शुद्र गर्दन उठा कर नहीं देख सकता था हमारी कमर में रस्सा बांध दिया जाता था और कहा जाता था कि दौड़ो। जिससे कि पता चल जाए कि शुद्र आ रहा है। यह मनुस्मृति में लिखा हुआ है। लेकिन कम से कम इस प्रथा को तोड़ने का काम अंग्रेजों ने किया। लोगों को उन्होंने एजूकेशन दिलवाई। मैं आज भी कहता हूं कि आजादी के पहले कितने हमारे नेशनल लीडर इस कन्ट्री से बाहर पढ़ कर आये हैं। महात्मा गांधी ने कहा एजूकेशन पाई है?

पंडित जवाहर लाल नेहरू ने सुभाषचन्द्र बोस ने, सी० आर० दास ने, डा० लोहिया ने, जय प्रकाश नारायण ने कहां जाकर पढ़ाई की ? जो लोग हमारे देश की आजादी में अगुआ थे वे सब शिक्षा वेस्टर्न कन्ट्रीज से लेकर आये। अगर अंग्रेजों ने इस देश के लोगों के लिए एजूकेशन के दरबाजे बंद कर दिए होते तो वे हजार साल तक इस देश पर राज करते। आज हिन्दुस्तान का शेड्युल्ड कास्ट्स और शुद्र जो है उसको अगर एजूकेशन न दी जाए तो वह क्या कर सकता है। जिन लोगों ने इस मुल्क में एजूकेशस पाई है वे फूल हैं।

मैं योरोपियन कन्ट्रीज में गया हूं। मैंने वहां किसी कन्ट्री में भूख से मुर्झाया हुआ चेहरा नहीं देखा। वहां के माली के बाग में सब फूल खिले हुए मिलते हैं, कोई मुर्झाया हुआ फूल नहीं मिलता। हमारे माली पर बहुत गर्व है और यहाँ वाग में उसके दो-चार फूल खिले मिलेंगे, बाकी सब मुर्झाये फूल मिलेंगे।

हिन्दुस्तान में बीस करोड़ लोग हैं और 56 करोड़ देवी देवता हैं। इसके बावजूद भी हमारे देश में सब से ज्यादा मुशीबत है, हमारे यहां सब से ज्यादा लक्ष्मी की पूजा होती है, इसकी पूजा मैंने कहीं नहीं देखी, लेकिन उसके बाद भी हमारे देश में सब से ज्यादा कंगाली है। मैं नहीं जानता कि हमारे देश में सरस्वती की पूजा और कहीं होती है या नहीं, लेकिन बिहार में सरस्वती की पूजा सब से ज्यादा होती है और विद्यादायिनी सरस्वती जाता कहा है लेकिन बिहार में ही सब से ज्यादा मूर्ख लोग हैं।

मैं तो अभी वद्रीनाथ धाम गया था। मैंने सोचा कि ये हमारे देवी-देवता हैं इनको तो देखूं कि इनमें कितनी शक्ति है। अगर इनमें शक्ति है तो इन्हें बोर्डर पर लगा दीजिए जिससे कि वे हमारे वार्डर की रक्षा करते रहें।

उपाध्यक्ष महोदय, जब मैं यह कहता हूं कि हमें रिजर्वेशन क्यों चाहिए तो इसलिए कहता हूं कि इस देश में आज तक जो जाति व्यवस्था चली आ रही है, पूंजीवादी व्यवस्था चली आ रही है, इसको पहले खत्म कर दिया जाए, फिर राम विलास पासबान ही सब से पहला व्यक्ति होगा जो रिजर्वेशन को खत्म करने के लिए कहेगा। (व्यवधान) आप भी नहीं चाहते हैं तो मैं आपसे पूछता हूं कि क्या किसी मंत्री के यहां पूजा ब्राह्मण को छोड़कर कोई करा सकता है ? क्या रोड पर झाड़ू देने वाला किसी दूसरी जाति का हो सकता है ?

मैं पूछता हूं कि जूता बनाने वाला चमार के अलावा दूसरा क्यों नहीं हो सकता।

**श्री एम० रामगोपाल रेड्डी** : रामावतार शास्त्री ब्राह्मण नहीं हैं।

**श्री रामविलास पासवान** : वह भी आपको वताता हूं। जो लोग यह कहते हैं कि जाति व्यवस्था खत्म होनी चाहिए, रिजर्वेशन खत्म होना चाहिए, उन लोगों से मैं आग्रह करूंगा...... ।

MR. DEPUTY-SPEAKER : In Bata Company, People who are employed for shoe making are from every community. They are all not cobblers.

**श्री रामविलास पासवान** : वहां पर तो जूता बेचने का काम वह कर सकता है लेकिन अगर उनको कहिए कि रोड पर जूता बेचिए तो सोसायटी उनको हटा देगी।

अगर लोग सिक्ख राष्ट्र मुस्लिम राष्ट्र का नारा देते हैं तो लगता है कि सिंहासन डोल रहा है, लेकिन "हिन्दू राष्ट्र" कहने की आजादी है। मैं हिन्दू राष्ट्र का नारा देने वालों से पूछता हूं कि हजारों सालों से तुम अछूतों को लातें मारते आए हो, फिर भी कहते हो

कि हम हिन्दू हैं। गाय को माता कहते हैं, उसका दूध पीते हैं और जब वह माता मर जाती है तो उसको हमारे कंधे पर क्यों फेंक दिया जाता है। उसका दाह संस्कार क्यों नहीं किया जाता ? अगर गाय आपकी माता है और उसको आप हमारे कंधे पर फेंक देते हैं तो अपनी माँ को भी मरने के बाद हमारे कंधे पर रख दीजिए। हम उसको भी ढोने के लिए तैयार हैं। इस तरह से दो तरह की बात नहीं चल सकती।

इसी सदन में जगजीवन राम जी के बारे में कहा गया था। जगजीवनराम जी जब संपूर्णानन्द की मूर्ति का उद्घाटन करते हैं तो उस मूर्ति को धोया जाता है। कहा जाता है कि चमार का हाथ लग गया है। दूसरे दिन ही कहा जाता है कि जगजीवन राम जी के बेटे को रिजर्वेशन क्यों मिले।

आज तिलमिलाहट इस बात की नहीं है कि ऐसा क्यों हो रहा है, तिलमिलाहट इस बात की है कि गद्दी पर जो कुछ लोगों का अधिकार था, उसका शेयर क्यों हो रहा है।

कहा जाता है कि इनएफिशेंसी है। मैं पूछना चाहता हूं कि इतने रेलवे एक्सीडेंट हो रहे हैं और अस्पतालों में इतने लोग मर रहे हैं, क्या वहाँ ऊंची जाति के तमगे वाले लोग नहीं हैं ? शंकरानंद जो यहां बैठे हैं, वे बता दें कि किस शेड्यूल कास्ट डाक्टर के हाथ से मौत हुई है।

मैं माननीय गृह मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि आप इसी रेजोल्यूशन पर एक कानून बना दीजिए कि मन्दिर का पुजारी कौन होगा। एक विद्यालय खोल दीजिए और तय कर दीजिए कि जो सब भाषाओं का ज्ञाता हो, वेद, कुरान बाइबल, गुरुग्रन्थ का ज्ञाता हो वह मन्दिर का पुजारी होगा, चाहे वह किसी भी जाति का हो। चाहे हरिजन हो या ब्राह्मण हो। आज तो यह हो रहा है कि मन्दिर के नाम पर जगह एक्वायर कर ली और दम मारो दम करते-करते उसको स्माल स्केल इंडस्ट्री बना ली। आज मन्दिर स्माल स्केल इंडस्ट्री हो गए हैं। रोड पर जाकर जमीन पर कब्जा कर लेंगे, हमसे चढ़ावा लेंगे, हम से ही बनवा लेंगे और हमारे लिए ही मन्दिर का दरवाजा बंद कर दिया जाता है। कहा जाता है कि अब तो यह हमारी प्रापर्टी हो गई।

मेरठ में क्या हुआ। वहां पर सांप्रदायिक दंगा कैसे हुआ ? एक मकान को कहा गया कि इसको तोड़ो। कहा गया कि यह मन्दिर बन गया है। मन्दिर बन गया है तो पुलिस अफसर डर गया। दूसरे आदमी ने कहा कि यहां मजार है। जब इमरजेंसी खत्म हो गई तो एक ने कहा यहां मन्दिर है, दूसरे ने कहा यहां मजार है, बस इसी बात पर कम्युनल रायट हो गया। पटना, लखनऊ, जहां भी चले जाइए, इसी तरह की बातें मिलेंगी।

मैंने तो यह भी कहा था कि चारों शंकराचार्य देश को तोड़ने का काम कर रहे हैं। इसके लिए मुझे बहुत कुछ कहा गया। कई गाली देकर चिट्ठियां मुझे लिखी गई। मैं स्वयं जोशी मठ में गया था और वहां पर दोनों शंकराचार्यों से मिला था। मैंने उनसे पूछा कि क्या आपका मामला कोर्ट में चल रहा है कि कौन शंकराचार्य बने ? उन्होंने कहा कि हां, हमारा मामला कोर्ट में चल रहा है। मैंने पूछा कि क्या यहां आपका भगवान फेल हो गया जो आपको कोर्ट का सहारा लेना पड़ा ?

शंकराचार्य अपने मामलों को कोर्ट में ले जाते हैं, और देश को कहते हैं कि हम भगवान के अवतार हैं। देश को तोड़ने का यह सब काम हो रहा है। हिन्दू मुसलमान, सिख, ईसाई, हिन्दुओं में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वेश, शूद्र, और शूद्रों में खिलानी जाति, चलना जाति, एक के ऊपर दूसरी जाति का नाम पड़ा हुआ

है। इस तरह से देश की प्रगति कभी नहीं हो सकती है। मैं यूरोपियन देशों में गया हूं। वहां हैल्थ का लोगों को सब से पहले ध्यान है। गाय को काटा भी जाता है तो पहले मशीन पर उसको खड़ा कर यह देखा जाता हैं कि इसे कोई बीमारी तो नहीं है, यह खाने लायक गाय है या नहीं है। लेकिन हमारे यहां जो कल मरने वाला मुर्गा आदि होता है जो बीमारी से ग्रस्त हो जाता है उसको सब से पहले मारा जाता है और कहा जाता है कि जल्दी से काट कर इसको खा जाओ। हमारे देश में हैल्थ की किसी को कोई चिन्ता नहीं है। हिन्दू सिख मुसलमान ईसाई सब धर्म का उपदेश दे रहे हैं लेकिन हरिजनों को लात मारी जाती है जो जैन धर्म के रक्षक हैं उस में क्या कहा गया है? चींटीं को भी चीनी खिलाओ लेकिन आदमी को खूब मारो।

**श्री वृद्धि चन्द्र जैन** : बिल्कुल गलत है।

**श्री राम विलास पासवान** : दूसरा पार्ट गलत है लेकिन पहला तो सही है। जैन बौध धर्मों में यही कहा गया है कि चींटी को भी चीनी खिलाओ, मानवता से प्रेम करो, झाड़ू बुहार करके चलो ताकि किसी जीव की हत्या न हो। लेकिन हमारे देश में जति के नाम पर रोज हरिजनों की हत्या की जा रही है। देवली में क्या हुआ, 29 हरिजनों को कत्ल कर दिया गया, रामपुरा में क्या हुआ, साढ़ूपुर में, पिपरा में, वेलर्चा में क्या हुआ। देश में विषाक्त वातावरण पैदा हो गया है।

मेरा कहना है कि आप सब से पहले मन बनाओ, विल पावर होनी चाहिए, हिम्मत होनी चाहिए कि कल को सभी मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों के लिए कोड आफ कंडक्ट बनाया जाए, कौन पुजारी होगा, यह तय किया जाए। लेकिन आप इसके लिए तैयार नहीं है।

यहां ठीक कहा गया है कि धर्म का नैशनलैलिटी से तथा सम्बन्ध है? हिन्दू भी देश के प्रति गद्दार हो सकता है और मुसलमान और दूसरे लोग हम से ज्यादा बफादार हो सकते हैं। हिन्दुस्तान पाकिस्तान का युद्ध हुआ। उसने साबित कर दिया कि मुहम्मद उस्मान......।

**श्री माधवराव सिन्धिया (गुना)** : हिन्दुओं पर ही क्यों बरस रहे हैं?

**श्री रामविलास पासवान** : इस वास्ते कि मैं स्वयं हिन्दू हूं और हिन्दू होने के वावजूद भी...।

**श्री माधवराव सिन्धियां** : हिन्दू होते हुए भी आप हिन्दुओं की इस तरह से आलोचना कर सकते हैं और हम सब लोग सुनते—रह सकते हैं, क्या यह हिन्दुत्व का वड़प्पन नहीं है?

**श्री राम विलास पासवान** : मैजोरिट को सुनना पड़ता है। सिन्धिया जी मानेंगे यदि हिन्दू धर्म में लचीलापन होता, सम्यक दृष्टि रहती तो यह संसार पर छाया रहता.....।

**श्री माधवराव सिन्धिया** : सब पर बरसिये, सिर्फ हमारे ऊपर ही नहीं।

**श्री रामविलास पासवान** : सब नहीं है, इसलिए आप पर बरस रहा हूं

हिन्दुस्तान पाकिस्तान का युद्ध हुआ। परम वीर चक्र किस को मिला? मुसलमान को मिला। फिर आप कैसे कह सकते हैं कि वे दो नम्बर के नागरिक हैं?

**श्री माधवराव सिन्धिया** : नहीं कह सकते हैं।

**श्री रामविलास पासवान** : मैं उदाहरण देता हूं। मीनाक्षीपुरम में शूद्र मुसलमान बने। मैं, चन्द्रशेखरन, कांग्रेस आई के अरुणाचलम आदि एस.सी. एस.टी. कमेटी की तरफ से वहां गए थे। एक लड़के से हमने उसका नाम पूछा

और उसने अपना नाम मुहम्मद इस्माइल बताया। हमने पूछा तुम पहले क्या थे, तुम्हारा क्या नाम था। उसने कहा सवैय्या। हमने पूछा क्यों धर्म परिवर्तन किया? उसने कहा मैं बम्बई में था। बीए पास हूं। बम्बई से आया और चाय की दुकान पर चाय पीने चला गया। मैंने चाय मांगी मुझे मिल गई। चाय मिलने के बाद पूछा कि किस जाति के हो। जब मैंने जाति बताई तो मुझे लप्पड़ मार दिया और मैंने भी लप्पड़ मार दिया।

हमने पूछा कि थप्पड़ क्यों मार दिया... (व्यवधान)...उसने भी थप्पड़ मार दिया। हमने कहा कि थप्पड़ क्यों मारा तो उसने कहा कि अछूत होकर तुमने हमारे यहां चाय पी ली है। तो मैंने पूछा कि वहां पर अछूत कैसे चाय पीते हैं। उसने बताया कि जब चाय ठंडी हो जाती है तो ऊपर से मुंह में डाली जाती है। आजादी के 35 वर्ष के बाद भी देश में यह स्थिति है। हमने एक डाक्टर का इन्टरव्यू लिया। उसने बताया कि हम जूता पहन कर और कंधे पर चादर रख कर नहीं जा सकते हैं। पता चल जाएगा कि शूद्र हैं तो छीन लिया जाएगा और पिटाई लगाई जाएगी। इंजीनियर से पूछा, उसने भी यही कहा। इसका मतलब जब हम हिन्दू हैं तब हम रोड पर नहीं चल सकते और जब मुसलमान हो जाते हैं तो रोड के दरवाजे हमारे लिए खुल जाते हैं। अब आप ही बताइए, आप मेंबर आफ पार्लियामेंट हैं, हम क्या करें। इसके लिए जब हम लोग बात करना चाहते थे, उससे पहले ही गृह मंत्री जी का बयान आ जाता है कि इसमें विदेशी हाथ है। कैसा विदेशी हाथ है? अट्रासिटीज को आप कम नहीं कर सकते हैं तो वह स्वतंत्र है कहीं भी जाने के लिए। आप उसको रोकने वाले कौन होते हैं। हम उसकी निन्दा करने वाले कौन हैं। आप इस बात को हमें समझाइए। आप यह मत समझिए कि मैं ऐसे ही आप पर बरस रहा हूं।

मैं कहता हूं कि आप कास्ट को वर्क से क्यों जोड़ रहे हैं। सिंधिया जी आप तो विदेशों में बहुत जाते हैं। क्या किसी जूता बनाने वाले को चमार कहा जाता है? वहां पर राष्ट्रपति का बेटा भी जूता बनाने वाला हो सकता है। कपड़ा धोने वाला हो सकता है। चीफ सेक्रेटरी का बेटा झाड़ू लगाने वाला हो सकता है। वहां पर वर्क की डिग्निटी है। वहां पर आदमी काम करता है, उसको पैसा मिलता है। मैंने न्यूयार्क में देखा एक होटल में एक साउथ इंडियन लड़का बैरे का काम कर रहा था। मैंने उससे पूछा कि तुम यहां पर क्या करते हो। उसने बताया कि मैं पी. एच. डी. कर रहा हूं। मुझे यहां पर 400 डालर मिलते हैं। यहां पर अगर कोई बी. ए. पास लड़का होटल में बैरे का काम करे और गांव से उसका कोई जानने वाला आ जाए तो तब तक वह लाज के बाहर नहीं निकलेगा जब तक उसका परिचित वहां से चला नहीं जाएगा। नहीं तो वह गांव में जाकर कहेगा कि पंडित जी का बेटा, बाबूजी का बेटा होटल में बैरे का काम करता है। हमारे साथ सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि हमने कास्ट को वर्क के साथ जोड़ दिया है। झाड़ू देने वाला दूसरा कोई नहीं मिलेगा, शूद्र ही मिलेगा। मन्दिर का पुजारी ब्राह्मण ही होगा। डा० कर्णसिंह 5 भाषाओं के विद्वान हैं लेकिन एक छोटे से मन्दिर पुजारी नहीं हो सकते। यह जो कुव्यवस्था है इसको तोड़ना आपके लिए लाइलाज है। इसको तोड़ने का सबसे बेस्ट तरीका यह है कि कास्ट लैस और क्लास लैस सोसायटी को बढ़ाया जाए। इसके लिए रिजर्वेशन का सहारा लिया जा सकता है। वह इसलिए कि यहां पर गरीबी है। दूसरे एशिया के देशों में या यूरोपीय, अमरीकन देशों में गरीबी नहीं है।

वहां लोग नहीं जानते कि मूख से भी कोई मर सकता है। वहां पर लोगों को बड़ा आश्चर्य होता है कि यहां बेटे की शादी बाप करवाता है। जहां अमीरी है, खुशहाली है वहां सब चल सकता है। अपने यहां एक रोटी के ऊपर आदमी भी झपटता है और कुत्ता भी झपटता है। इसलिए यहां पर गरीबी सबसे बड़ी जड़ है। इसलिए इसी गरीबी पर हमें हमला करना होगा। कास्ट लैस और क्लास लैस सोसायटी के बारे में हम लोगों का दृष्टिकोण बड़ा साफ होना चाहिए। मैं इस बात की ताईद करता हूं। नेशनेलिटी और रेलिजन का आपस में कोई संबंध नहीं है। दोनों को एक साथ जोड़ने का काम नहीं होना चाहिए। कास्ट लैस सोसायटी के लिए सबसे अच्छा तरीका यह है कि जो भी लड़का या लड़की अंतरजातीय विवाह करे उसको गवर्नमेंट प्रोटक्शन दे, उसको एंप्लायमेंट दे; अगर आप शुरू करना चाहते हैं तो मैं समझता हूं कि यहां से शुरू हो सकता है। लेकिन जब चर्चा हो जाती है तो सिंधिया जी आप हम लोगों की फीलिंग को भी सोचा कीजिए।

आज श्री जगपाल सिंह जी ने एक मामला उठाया, सिनेमा में उन्होंने कुछ देखा। सिनेमा में अछूत की तुलना एक कुत्ते से की गई है। 'सौतन' फिल्म की बात ये कह रहे थे। उसमें यह है कि यह कुत्ता है, दरवाजे से बाहर रखो। इस हकीकत से भी हम मुंह नहीं मोड़ सकते हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, आप उस स्टेट से आते हैं जो परियार का स्टेट है, जिसमें एक शूद्र राज्य चला रहा है। वह शूद्र उस राज्य से बढ़िया राज्य चला रहा है जोकि एक ब्राह्मण चला रहा है। इसलिये जो क्राइटेरिया दिया जाता है इन-एफीशियेंट और एफीशियेंट का, यह सब कुछ नहीं है। जिसके हाथ-पांए बांध रखे हैं, उससे आप अपेक्षा नही रख सकते हैं कि वह तुरन्त दोड़ना शुरू कर देगा। आपको वातावरण क्रिएट करना होगा। इसलिए रिजर्वेशन होना चाहिये यह वातावरण के क्रिएट करने में सहायक है। उससे चिढ़ नहीं होनी चाहिये जैन साहब कि रिजर्वेशन क्यों मिल रहा है।

**श्री वृद्धि चन्द्र जैन** : रिजर्वेशन अभी की आवश्यकता के लिए आवश्यक है, लेकिन बाद में हमें निर्णय लेना पड़ेगा।

**श्री राम बिलास पासवान** : निर्णय क्या लेना पड़ेगा? मैं तो कहता हूं कि यह रिजर्वेशन तब तक रहना चाहिये तब तक रहेगा जब तक या तो इस देश से जाति व्यवस्था खत्म नहीं हो जाती या सब जाति का रिप्रेजेन्टेशन नहीं हो जाता। इस बात को हमको समझ लेना चाहिये।

MR. DEFUTY-SPEAKER : Reservation will be there as long as the caste system exists.

SHRI RAM VILAS PASWAN : Yes, yes. That is what I am saying. Thank you, Sir. That is what I am saying. No reservation is needed in a casteless society.

इसलिए इसमें हम लोगों का दिमाग, कम-से-कम जो मैम्बर पार्लियामेंट हैं, पब्लिक रिप्रेजेन्टेटिव हैं, उनका दिमाग साफ हो जाना चाहिये।

मैं तो कहता हूं कि आज यदि आप चाहते हैं तो आज जिनके हाथ में सम्पत्ति है, उस सम्पत्ति को उनसे छीन लीजिये, नेशनलाइज कर दीजिये, किसी के पास सम्पत्ति न रहे।

**श्री सुन्दर सिंह** : क्या कह रहे हैं ये? मैं समझता हूं कि तुम हिन्दू नहीं हो? तुम हिन्दू हो, 15 करोड़ तुम्हारी आबादी है। ये हिन्दू तो एनकरेजेबल हैं। हम हिन्दू हैं, हम उनको ठीक कर देंगे।

**श्री राम विलास पासवान** : मैं मंत्री महोदय से आग्रह करूंगा कि जाति व्यवस्था की पकड़ को जितना ढीला करने का काम है, इसमें सब सैक्शन के लोग आपका साथ देंगे। मैं तो यह मानकर चलता हूं कि हमारे सबसे बड़े दोस्त सिंधिया जी हैं, हरिकेश जी हैं, इस देश में कास्ट व्यवस्था को तोड़ने का काम भी इन्होंने ही किया है। भगवान बुद्ध बैकवर्ड नहीं थे, हरिजन नहीं थे, क्षत्रीय थे। डाक्टर अम्बेडकर ने कहा "बुद्धम् शरणम् गच्छामि"। विवेकानन्द जी हरिजन नहीं थे। उन्होंने कहा कि ऐ ऊंची जाति के लोगो समय रहते अपने अधिकार इन शूद्रों को दे दो। विवेकानन्द ब्राह्मण थे। दयानन्द सरस्वती आर्य समाजी थे वे ब्राह्मण थे लेकिन उनको भी जहर देने का काम ब्राह्मण ने ही किया, हरिजन ने नहीं किया।

इसलिये जितने प्रोग्रेसिव तत्व हैं, उनसे मैं आग्रह करूंगा कि इस पर सोचें। लोग कहेंगे कि राम विलास पासवान जब बोलता है हरिजनों और बैकवर्ड की बात करता है, रामविलास पासवान कास्टिटस्ट है, लेकिन जिस दिन श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी, मुझे खुशी है कि वह बोलते हैं, सबसे अच्छा बोलते हैं, सिंधिया जी, व्यास जी-वेद-व्यास जी, हरिकेश जी, बोलना शुरू कर देंगे, उस दिन मैं समझता हूं कि सही मायने में कास्ट सिस्टम की जड़ उखड़ेगी।

**श्री माधव राव सिंधिया** : बोल रहे हैं।

**श्री राम बिलास पासवान** : मैं ससझता हूं कि उस दिन कास्ट-लेस सोसायटी होगी।

**श्री माधव राव सिंधिया** : आप जो कह रहे हैं कि हिन्दू धर्म में यह बुराइयां हैं, इनके विरुद्ध हमें भी एक अभियान चलाना है। आप इस गलतफहमी में न रहें कि हम शिड्यूल कास्ट्स के खिलाफ हैं। हम केवल यह कह रहे थे कि आपकी आलोचना का केन्द्र बिन्दु हिन्दू धर्म ही बन रहा है, आप थोड़ा आस पास भी देखें। दूसरे धर्मों में भी बुराइयां हैं, अपनी आलोचना का सारा केन्द्रीकरण हमारी तरफ ही न कीजिए।

**श्री जगपाल सिंह** : उन धर्मों में ये बुराइयां हिन्दू धर्म से ही गई हैं। अगर इस्लाम में कास्टिज्म और अनटचेबिलिटी है, तो वह सिर्फ हिन्दू धर्म के कारण है।

**श्री राम विलास पासवान** : अंत में मैं सब सदस्यों से कहूंगा कि वे इस बुराई की जड़ को पहचानें। जिस धर्म में जो खराबी या दोष है, उसके संरक्षकों का काम है कि वे उन दोषों को निकालें। अगर हम इस देश में रिलिजन को खत्म नहीं कर सकते, तो कम से कम एक ऐसा वातावरण तैयार करें, जिसमें जाति-व्यवस्था के कोढ़ को तो निश्चित रूप से खत्म किया जा सके। उसके लिए हमको पहल करनी चाहिए। इसके अलावा हमारे देश में जो आर्थिक केन्द्रीकरण हो गया है, उसका विकेन्द्रीकरण करना चाहिए और जो गंगा अभी शंकर की जटा में गूम रही है, उसको जमीन पर उतार कर समाज के सब तबकों में वितरित करना चाहिए।

इन शब्दों के साथ में श्रीमती विद्या चेन्नुपति के विधेयक का समर्थन करता हूं।

**श्री गिरधारी लाल व्यास** (भीलवाड़ा) : उपाध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्या, श्रीमती विद्या चेन्नुपति, ने जो जाति रहित तथा धर्म-रहित समाज निर्माण विधेयक, 1983 प्रस्तुत किया है, मैं उसका समर्थन करता हूं। इस बिल की भावना तो बहुत अच्छी है लेकिन एक बिल में जिस प्रकार की व्यवस्थाएं होनी चाहिए, वे सब व्यवस्थाएं इसमें मौजूद नहीं है। इसलिए सरकार की तरफ से एक पूरा और विस्तृत कानून लाया जाना चाहिए, ताकि इस देश में जाति और धर्म के नाम पर जो झगड़े-टंटे होते हैं, हम उनको समाप्त कर सकें

और इन सब खराबियों को दूर किया जा सके।

मैं माननीय सदस्या के विचारों की ताईद करता हूं। इस बिल के उद्देश्यों में कहा गया है :

> "हमारे देश में हमारा समाज जाति, धर्म और भाषा जैसे विभाजनकारी कारणों कारणों से विभाजित है। देश के विभिन्न भागों में साम्प्रदायिकता और जातिवाद के कारण समय-समय पर दंगे होते रहते हैं। ये सभी बातें राष्ट्रीय एकता सुनिश्चित करने में बाधक हैं।
>
> रास्ट्रीय एकता का उद्देश्य जातिहीन और वर्गहीन समाज के निर्माण द्वारा ही पूरा किया जा सकता है।"

मैं समझता हूं कि सिर्फ शिक्षा संस्थाओं वगैरह में जाति न लिखने से ही एक जातिहीन और वर्ग हीन समाज का निर्माण नहीं किया जा सकता। इसके लिए कई और व्यवस्थाएं करनी पड़ेंगी और एक अनुकूल बातावरण तैयार करना होगा।

अभी श्री पासवान हमारे धर्म की आलोचना कर रहे थे कि हिन्दू धर्म में इस प्रकार की खराबियां हैं। मगर जिस लीडर के तहत वह कई वरसों तक रहे, जिसने केवल जातिवाद के आधार पर अपना प्रभुत्व जमाने की कोशिश की, उसकी उन्होंने कभी आलोचना नहीं की।

**एक माननीय सदस्य** : वह लीडर कौन हैं ?

**श्री गिरधारी लाल व्यास** : यह समझने की बात है। यहां पर नाम लेना उचित नहीं है।

हमारे देश में जो लोग जाति, धर्म और सम्प्रदाय के नाम पर लोगों का शोषण करते हैं, अपने आप को नेता बनाते हैं और अपना वर्चस्व कायम करने की कोशिश करते हैं, ऐसे लोगों से हमें सतर्क और सावधान रहना चाहिए।

वेस्टर्न यू० पी० में जो चुनाव होते हैं, क्या सब लोग वहां पर वोट देने के लिए जा सकते हैं ? क्या वहां पर दूसरे वर्ग के लोगों को वोट देने का अधिकार है ? एक तरफ कहते हैं कि हम जाति, धर्म और सम्प्रदाय के आधार पर चलने वाली व्यवस्था को ठीक करना चाहते हैं, लेकिन दूसरी तरफ लोगों को वोट देने का जो अधिकार दिया गया है, वे उन्हें उस अधिकार का उपयोग नहीं करने देते हैं। वे लाठी ले कर खड़े हो जाते हैं कि कोई आदमी हमारे सिवा किसी दूसरे को वोट नहीं दे सकेगा।

पौलिंग बूथ्स कैप्चर कर लेते हैं। सब प्रकार की अव्यवस्था पैदा करने में कोई कमी नहीं उठा रखते। इस प्रकार की भावनाओं से प्रेरित होकर देश में जिस प्रकार का जहर फैलाने की कोशिश उन्होंने की है उसके नतीजे क्या हो रहे हैं, इस को भी सभी लोग भली भांति जानते हैं। इसलिए हमारा यह कहना है कि इस प्रकार की गलत बातें हमारे देश में होती हैं तो उस के अच्छे अंजाम नहीं होते हैं। आज पंजाब में जो हो रहा है उसके पीछे वही कारण है या आसाम में जो हो रहा हैं उस के पीछे भी यही कारण है। लोग जाति और धर्म के नाम पर लोगों का शोषण करने में लगे हैं। इसीलिए इस प्रकार की गलत व्यवस्थाए सारे देश में पैदा करने की कोशिश करते हैं। आज हमारे कम्यूनिस्ट या मार्किसस्ट भाई यहां बैठे हुए हैं...... (व्यवधान)...... । मैं इंल्ड नहीं कर रहा हूं।

मैं इसलिए यह कह रहा हूं कि लोग इस प्रकार की अव्यवस्था पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। इन्होंने अभी चुनाव करवाया

काश्मीर में। वहां इन्होंने क्या किया ? अगर जाति और धर्म के नाम पर वोट की बात ये नहीं करते तो निश्चित तरीके से वहां की स्थिति ऐसी नहीं होती। जिस प्रकार की भावनाएं पहले वहां थीं वही भावनाएं अब नहीं रहीं। इन्होंने भी देश के गरीब लोगों का शोषण किया है। ... (व्यवधान) ...... वहां की स्थिति आज बिगड़ गई।

इन्होंने वहां कम्यूनलिस्ट लोगों से हाथ मिलाया। साम्प्रदायिक भावनानों को उभाड़ने में कोई कसर उठा नहीं रखी। (व्यवधान) ......इस प्रकार की अव्यवस्था जो लोग भी फैलाते हैं वह गलत बात है, चाहे वह हम फैलाते हैं तब भी गलत है और चाहे दूसरे लोग फैलाते हैं तब भी गलत है। इस से देश को नुकसान होता है, कोई फायदा नहीं हो सकता है।

इसलिए मैं माननीय सदस्यों से आग्रह करूंगा कि अगर इस देश को महान और मजबूत बनाना है तो जाति और धर्म अथवा सम्प्रदाय के नाम पर जिस प्रकार का शोषण कर रहे हैं उस शोषण को बिल्कुल बन्द कीजिए तब जाकर लोगों को समान तरीके से आगे बढ़ने का मौका दे सकते हैं। (व्यवधान)

मैं सबको कह रहा हूं। सारे देश के लिए कह रहा हूं, एक आदमी के लिए नहीं। इनके यहां पर भी इस प्रकार की वारदातें हुई हैं इसलिए मैं कह रहा हूं। इन्होंने भी शोषण करने की कोशिश की है। यह शोषण वहां पर भी समाप्त होना चाहिए और दूसरी जगह भी समाप्त होना चाहिए। मेरा मकसद केवल कश्मीर, बंगाल, पंजाब या आसाम से नहीं बल्कि सारे देश से है। सारे देश के लोगों को इस प्रकार की भावनाओं से प्रेरित होकर ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए जिससे देश मजबूत हो सके। (व्यवधान)

अभी पासवान जी बात कर रहे थे, मैं उनकी बातों से एग्री नहीं करता। जब यहां मण्डल कमीशन के बारे में डिस्कशन हुआ था तब भी मैंने कहा था कि इस देश में आर्थिक आधार पर बैकवर्डनेस और रिजर्वेशन होना चाहिए, जातीय और धार्मिक आधार पर रिर्वेजशन नहीं होना चाहिए। जहां पर जाति और धर्म के नाम पर रिजर्वेशन होता है वहां शोषण होता है। आज कितने आइ० ए० एस० आफिसर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के बन गए हैं। आज क्या वे उनके बीच में जाकर बैठते हैं ? वे तो ब्राह्मणों से भी ऊपर हो गए हैं। शेड्यूल्ड कास्ट को कौन पूछता है ? उनके लड़के अंग्रेजी स्कूल में पढ़ते हैं जबकि शेड्युल्ड कास्ट के लड़के ऐसे स्कूलों में पढ़ते हैं जहां टाट-पट्टी और दरी भी नहीं है, किताबें भी नहीं हैं। इसका मकसद तो यह हुआ कि आप एक और फिर का परस्ती पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं इस प्रकार की भावनायें नहीं पैदा होनी चाहिए। आज एक शेड्यूल्ड कास्ट एम० पी० बन गया, उसका स्थान शेड्यूल्ड कास्ट के लोगों से ऊंचा हो जायेगा और उनके बराबर नहीं रहेगा। यह रिजर्वेशन जो हमने गरीब लोगों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए किया है उसका मतलब यह नहीं है कि जो बड़े लोग हैं, जो अच्छी स्थिति में आ गए, करोड़पति बन गए, उनको भी रिजर्वेशन देते रहें। आज जगजीवन राम जी के लिए कहा जाता है ही इज रिचेस्ट पालिटीशियन इन दि कन्ट्री।

अगर ऐसे लोगों के लड़कों को भी रिजर्वेशन दिया जाए तो निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण होगा। ऐसे लोगों के लिए रिजर्वेशन रखा जाना चाहिए जोकि आर्थिक तौर पर कमजोर हैं, जिनके पास पूरा भोजन नहीं है, जिनके पास मजबूत हाथ हैं लेकिन करने के लिए काम नहीं है। शेड्यूल्ड कास्ट्स में भी आज ऐसे लखपति और करोड़पति हैं जिनको रिजर्वेशन की आवश्यकता नहीं है। इसलिए यह रिजर्वेशन सभी धर्म के लोगों के लिए होना चाहिए जोकि आर्थिक तौर पर कमजोर हैं— चाहे वे मुसलमान

हो, ईसाई हों, सिख हों, पारसी हिन्दू हों हो, या अन्य । किसी भी धर्म में जो पिछड़े हुए लोग हैं उनको रिजर्वेशन मिलना चाहिए ताकि इस देश के तमाम गरीब लोगों की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया जा सके । वर्तमान रिजर्वेशन के चलते शोषण चलता रहेगा, बड़ी मछली छोटी मछली को खाती रहेगी । धर्म की कटुता कितनी भी क्रिएट की जाए, पहले जो भी वर्ण व्यवस्था रही, जो भी शोषण हुआ, राजपूतों, ब्राह्मणों ने किया या महाजनों ने किया, वह अलग बात है लेकिन आज जो समाज हम बनाना चाहते हैं उसके लिए इन व्यवस्थाओं को तोड़ना आवश्यक होगा । मैं पूछना चाहूंगा आज किस जाति में ऐसे लोग नहीं है जिनके पास हजारों एकड़ जमीनें हैं लेकिन उनके ऊपर कोई भी कार्यवाही नहीं हो रही है । क्या वे लोग आपके कानून के शिकंजे में आ रहे हैं ? मैं बड़े-बड़े राजा-महाराजाओं, पूंजीपतियों, जागीरदारों को जानता हूं जोकि आज भी गलत तौर पर सैकड़ों हजारों बीघे जमान लेकर बैठे हुए हैं । क्या उनकी जमीनें और सम्पत्ति जो उनके पास जरूरत से ज्यादा है, जिसके लिए हमने, हमारी पार्टी और हमारी सरकार ने कानून बनाए हैं, हमारी नेता श्रीमती इन्दिरा गांधी ने कानून बनाए हैं, उनका इंप्लीमेन्टेशन हो रहा है और उनसे वह जमीनें और सम्पत्ति वापिस ली गई है ? मैं समझता हूं आज इन सारी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की आवश्यकता है । लेकिन हम देखते हैं कि हर एक आदमी सिवाय टीका-टिप्पणी करने के और कुछ नहीं कर रहा है । अगर मैं अपने रिश्तेदारों को बचाने की कोशिश कर रहा हूं तो दूसरा अपने रिस्तेदारों को बचाने की कोशिश कर रहा है ।

उपाध्यक्ष महोदय, यह ऐसा सब्जेक्ट है जिस पर मैं बहुत सी बातें कहना चाहता हूं ।

MR. DEPUTY SPEAKER : Hon. Members, two hours werc allotted for this Resolution. There are about 15 hon. Members still wanting to speak. What is the sense of the House ? Shall we extend the time by one hour ?

SOME HON. MEMBERS : Yes.

MR. DEPUTY SPEAKER : All right. It is extended by one hour. Shri Vyas may continue his speech. He has to finish in another five minutes.

**श्री गिरधारी लाल व्यास :** उपाध्यक्ष महोदय, यह सारी बातें तो मैंने इस बिल की भावना के सम्बन्ध में निवेदन की है । आज जाति और धर्म किस प्रकार से काम कर रहा है । आज आप रियास्तों में देखें......।

PROF. N. G. RANGA : Are we not adjourning now ?

MR. DEPUTY SPEAKER : This discussion will go on till 6-20 p.m. when the Calling Attention will be taken up.

**श्री गिरधारी लाल व्यास :** मैं निवेदन कर रहा था कि आज जातिवाद जहर बन कर समाज में फैल रहा है । आप तमाम स्टेट्स के अन्दर जाकर देखिए—जो आदमी किसी डिपार्टमेंट का हैड बन जाता है वह अपनी जाति के लोगों को सिलैक्ट करने के सिवाय दूसरा काम नहीं करता है । इस प्रकार की व्यवस्था आज हमारी तमाम स्टेट्स में बनती जा रही हैं । इतना ही नहीं हमारे यहाँ ऐसी स्टेट्स भी हैं जिन में मान लीजिए 32 हैड आफ दि डिपार्टमेंट्स हैं तो उनमें 30 हैड एक ही जाति के हैं । एक जाति के लोगों को बराबर प्रोत्साहन दिया जा रहा है, उनको आगे बढ़ाया जा रहा है और उन के जरिए दूसरी जातियों का भयंकर शोषण किया जा जा रहा है । जिस के कारण दूसरी जातियों के दिलो-दिमाग पर भयंकर असन्तोष है । इसकी वजह से जिस प्रकार से विकास की गति आगे बढ़नी चाहिए, गरीब लोगों में आर्थिक सम्पन्नता आनी चाहिए, उन की तरक्की के लिए काम काज होना चाहिए, वह नहीं हो रहा है ।

ऐसी व्यवस्था जहां पर भी हो, उसको रोकना चाहिए। इस सम्बन्ध में मेरा गृह विभाग से अनुरोध है कि वह जाँच करवाए कि ऐसी कौन-कौन सी स्टेट्स हैं जिनमें जाति के आधार पर हैड आफ दि डिपार्टमैंन्ट, सैक्रेटरीज, आफिसर्ज, बड़े-बड़े अधिकारी जो चार-पाच हज़ार रुपये मासिक वेतन प्राप्त कर रहे हैं, ऐसे लोगों को रख कर जातिवाद को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहन दिया जा रहा है और दूसरी जाति के लोगों का बराबर शोषण करने की कोशिश की जा रही है। इस प्रकार की व्यवस्था निश्चित तरीके से हमारे देश के लिए घातक हैं।

मैंने बहुत सी पब्लिक अण्डरटेकिंग्स में देखा है—अगर कोई अधिकारी किसी जाति का वहां आकर बैठ जाता है तो वह समझता है कि मेरा उस पर अधिकार हो गया है, दूसरी जाति के लोगों को वहां पर आने नहीं दूंगा। इसी तरह से किसी प्राविन्स का कोई आदमी वहां आकर बैठ जाय तो वह समझता है कि उसी प्राविन्स के लोगों को वहां पर एम्प्लायमैंन्ट मिलनी चाहिए, दूसरे को नहीं मिलनी चाहिए। आज जब हम सारे देश को एक साथ ले कर चलने की बात करते हैं, एक जुट होकर चलना चाहते हैं, वहां इस तरह की व्यवस्था का निर्माण हो—इसका आगे चल कर क्या परिणाम निकलेगा – आप इस का अनुमान लगा सकते हैं। मुझे दुख इस बात का है कि इस प्रकार की हरकतें आप की निगाह के सामने हो रही हैं। हम उन को रोकने की कोशिश नहीं करते हैं, दिन-प्रति-दिन इस प्रकार की हरकतें चारों तरफ बढ़ रही हैं –उनको रोकने का प्रयास मंत्री महोदय न आप की तरफ से और न आप के मंत्रालय की तरफ से हो रहा है। मुझे ऐसा लगता है कि आज गृह मंत्रालय सजग नहीं है। उस के सजग न होने की वजह से इस देश के लोगों के मन में बहुत दुख है। इस सम्बन्ध में निश्चित तरीके से आप को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए जिस से यह व्यवस्था ठीक प्रकार से चल सके।

आज जातिवाद के नाम पर लोग झगड़े और टन्टे करवाते हैं। हमारे भीलवाड़े में एक जाति के लोगों ने दीवार बना कर मन्दिर बनाने की बात की तो दूसरी जाति के लोगों ने उसको तोड़ने की बात की। इस तरीके से धर्म और जाति के आधार पर, जहां ऐसा संकुचित मामला हो, उस को तुरन्त रोकने की व्यवस्था की जानी चाहिए।

एक बात मैं और निवेदन करना चाहता हूं—ऐसी जातियां भी देश के अन्दर हैं जो काफी ताकतवर जातियां हैं, जिन के पास लाठी की ताकत हैं, बन्दूक की ताकत है, सब प्रकार की ताकत है, वे तो हम पर ज्यादती करती ही हैं, लेकिन कुछ बुद्धिजीवी ताकतें भी हैं जो बुद्धि के आधार पर, चाहे उनकी परसेंन्टेज 0। परसेंन्ट भी नहीं है, चारों तरफ से शोषण करने में लगी हुई हैं। इस प्रकार की जातियां बड़े पैमाने पर अपना प्रभुत्व जमाने की कोशिश करते हैं। ऐसे 90 परसेन्ट बड़े-बड़े अधिकारी लोग, चाहे वे सैकेटरी हों, हैड आफ दि डिपार्टमेंट हों, आई० ए० एस० हों, इस प्रकार के अधिकारी वहां जा कर बैठ जाते हैं।

ऐसे लोगों को जो निश्चित रूप से जातिवाद को पनपाने के सिवाय कोई काम नहीं करते हैं और हमारे देश की व्यवस्था को बिगाड़ने में पूरी ताकत लगा रहे हैं, उसको रोकने की नितान्त आवश्यकता है। ऐसे लोगों को ऐसे कार्य करने से भारत सरकार को रोकना चाहिए। ... (व्यवधान) मैं कोई नाम नहीं ले रहा हूं लेकिन यह कहना चाहता हूं कि जहां पर जाति का वर्चस्व हो जाता है, वहां पर करप्शन भयंकर रूप से बढ़ जाता है।

MR. DEPUTY SPEAKER : What is your age?

SHRI GIRDHARI LAL VYAS : I am younger than you.

MR. DEPUTY SPEAKER : Then you have not given wrong age.

SHRI GIRDHARI LAL VYAS : Everybody calls me Youth Congress leader.

SHRI GHULAM NABI AZAD : He was one of the Members of our National Councial when I was President of the Youth Congress.

श्री गिरधारी लाल व्यास : मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि चैक और बैलेंस होना डेमोक्रेसी में आवश्यक है और अगर चैक और बैलेंस नहीं होता है, तो सारी व्यवस्था बिगड़ जाती है। जहां एक जाति का प्रभुत्व हो जाता है और जब एक राजा का प्रभुत्व हुआ, तब आप ने देखा कि हालचाल क्या हुआ और सारी व्यवस्था बिगड़ी। उस राजा को बदला और मुश्किल मे बदला। अब भी लोग एक जाति का राज्य लाने की कोशिश कर रहे हैं। एक जाति के राज्य से कितना करप्शन बढ़ेगा, इसका अन्दाजा आप स्वयं लगा सकते हैं, क्योंकि, उपाध्यक्ष महोदय, आप ने मद्रास में देखा और दूसरे प्रान्तों में भी यही हुआ कि जहां जहां पर इस प्रकार के लोगों ने अपनी जाति का वर्चस्व बढ़ाने की कोशिश की, वहां पर निश्चित रूप से खराबी आई। इस तरह की खराबी को दूर करने का एक ही तरीका है कि सभी जातियों का समान आदर हो, सभी धर्मों का समान आदर हो और सभी लोगों को आगे बढ़ने का बराबर मौका मिले। अगर इस प्रकार की व्यवस्था नहीं होगी, तो वह स्टेट बिल्कुल बरवाद हो जाएगी। इसलिए मैं आप के जरिये से गृह मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि आपके इस देश में इस प्रकार की सामंती प्रवृत्ति के लोग आज भी बैठे हुए हैं जो जाति के नाम पर और जो धर्म के नाम पर अपना वर्चस्व बहुत बड़े पैमाने पर बढ़ाना चाहते हैं। इस प्रकार के लोगों को रोकने की बहुत बड़ी आवश्यकता है वरना आप को पछताना पड़ेगा। समय निकल जायेगा और फिर आप याद करेंगे कि गिरधारी लाल व्यास ने एक चेतावनी दी थी मगर हमने उस पर समय पर ध्यान नहीं दिया जिस की वजह से हमें बहुत बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। इसलिए आप इस सम्बन्ध में माकूल व्यवस्था कीजिए। आपको सारी व्यवस्था को ठीक प्रकार से बनाना होगा, यही इस सम्बन्ध में मुझे कहना है।

MR. DUPUTY SPEAKER : Please stop now with this warning. This warning may be taken note of. That is a writing on the wall.

You are already tired.

Now you conclude in one minute.

SHRI D.P. YADAY : He is determined to speak on the same point.

SHRI GHULAM NABI AZAD : Now something about the Bill also.

MR. DEPUTY SPEAKER : He has has made very valuable points.

श्री गिरधारी लाल व्यास : इस सम्बन्ध में मुझे बहुत सारी बातें कहनी हैं और मैं अगली मीटिंग में भी इसके बारे में बोलूंगा। (व्यवधान) ...।

उपाध्यक्ष महोदय एक बात मैं साम्प्रदायिक दंगों के बारे में निवेदन करना चाहता हूं। इस देश के अन्दर जो साम्प्रदायिक दंगे चलते हैं, अलग-अलग धर्मों के लोगों में जो ये झगड़े होते हैं, तो वे इस कारण होते हैं कि आप जिन लोगों को पूरे अधिकार दे देते हैं, पूरी ताकत दे देते हैं, वे ही लोग ये झगड़े कराते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफसख्त कार्यवाही आप नहीं करते और उसमेंभाई-चारा आ जाता है। कोई मिलने वाला आ जाता है और कोई दूसरे प्रकार का आदमी आ जाता है, जिसकी वजह से उनके खिलाफ कार्यवाही नहीं होती है। ऐसे लोगों को एगजम्पलरी पनिशमेंट मिलना चाहिए। तभी जाकर साम्प्रदायिक दंगे स्टेट में कम होंगे। हमारा देश इस मामले में सारी दुनिया में

बदनाम हैं क्योंकि यहां पर धर्म के नाम पर लोग लड़ते हैं, जाति के नाम पर लोग लड़ते हैं। और जगहों पर जायदाद के नाम पर लड़ाई होती है लेकिन यहां पर धर्म के नाम पर लड़ाई होती है। और जगहों पर ऐसा नहीं होता। हिन्दुस्तान ही एक ऐसा मुल्क है जहां पर धर्म के नाम पर हिन्दू-मुसलमानों में, हिन्दू-सिखों में और हिन्दू-क्रिश्चियन में लड़ाई होती है। इस प्रकार की लड़ाई यहीं पर है। ये सारी बातें हैं। उपाध्यक्ष महोदय, इसमें बड़ी गिरावट आती है। हमारी इसमें गलती रही है, हमारे सरकारी अधिकारियों की गलती रही है। जिस क्षेत्र में जिस जाति, धर्म का बहुमत होता है उस क्षेत्र में उसी जाति या धर्म के अधिकारी को भेजा जाता है जो कि वहां के ऐसे लोगों को जिनमें कि जाति विद्वेष भरा होता है, प्रोत्साहन देता है। इससे साम्प्रदायिक दंगे होते हैं। वहां पर जहर फैलाया जाता है जिससे कि लोगों के दिलो-दिमाग में बुरी बातें आती हैं।

मैं आपको बताऊं मेरे क्षेत्र में एक हिन्दू लड़के की साइकिल से एक मुसलमान की टक्कर हो गई। उस पर झगड़ा हो गया। दस-बीस आदमियों के सिर फूट गये। वहां पर काफी तादाद में पुलिस लगाई गई। ऐसी छोटी-छोटी बातों पर लड़ाई होती है। जो लोग लोगों के दिलो-दिमाग में इस प्रकार का साम्प्रदायिक जहर फैलाते हैं उन लोगों के साथ यदि सख्ती से नहीं निपटा जाएगा तो ये दंगे कभी खत्म नहीं होंगे। आपके अधिकारी लोग इनको प्रोत्साहन देते हैं। मैं किसी एक ही धर्म के लोगों की बात नहीं कर रहा हूं। चाहे किसी धर्म के हों, जाति के हों, ये दंगे बिना अधिकारियों के प्रोत्साहन नहीं हो सकते हैं। अगर ये दंगे हो भी जाएं तो उग्र रूप धारण नहीं कर सकते। इनको रोकने का उपाय यही है कि ऐसे लोगों को ऐसे क्षेत्रों में आप मुकर्रर करें जो इन दंगों को प्रोत्साहन न दें। अगर आप ऐसा कदम उठायेंगे तो निश्चित तरीके से जो लोगों में राइवलरीज पैदा होती हैं, जो उनके दिलों-दिमाग में जहर फैलता है उसको रोका जा सकता है। इसलिए इसके लिए आपको माकूल व्यवस्था करनी चाहिए।

जब तक प्रशासन मजबूत नहीं होगा, जब तक लोगों को यह महसूस नहीं होगा कि प्रशासन में ताकत है, तब तक ये गुण्डे और बदमाश कभी भी प्रशासन से खौफ नहीं खायेंगे। ऐसे लोगों के खिलाफ आप जब सख्त कार्यवाही करेंगे तो उन लोगों में खौफ होगा। लेकिन इसके साथ ही यह न हो कि आप भले आदमी की टोपी उछाल दें और उसे बंद कर दें। अगर जो बदमाश लोग इस तरह की हरकत करें, जो लोगों में द्वेष फैलाने का काम करें उनके खिलाफ आप माकूल व्यवस्था करें तो इस प्रकार की गड़बड़ी रुक सकती है।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मुझे कहना तो बहुत था। मगर आप घंटी बजा रहे हैं इसलिए आपकी आज्ञा को मानते हुए मैं इस बिल का समर्थन करते हुए बैठ जाता हूं। हालांकि इस बिल में गड़बड़ियां बहुत हैं। मैंने पहले ही होम मिनिस्टर साहब से कहा था कि हमें इस देश में ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए जिससे कि नौकरियों में, शिक्षा में जातिवाद की व्यवस्था खत्म हो। सभी धर्मों, जातियों और सम्प्रदायों को मिला कर ऐसी व्यवस्था करें जिससे कि सब एक रहें। यह तभी हो सकता है जबकि इस देश में सभी लोगों को समान अधिकार प्राप्त हों, इस देश में जो भी पैदा हो, उसका सभी को समान वितरण हो, देश की सम्पत्ति का बटवारा भी ठीक हो, तभी यह व्यवस्था ठीक हो सकती है। इस व्यवस्था को ठीक करने की ओर आप कदम उठायें, यह कहता हुआ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

**श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा** (कोडरमा) : उपाध्यक्ष महोदय, श्रीमती विद्या चेन्नुपति के

इस बिल का मैं समर्थन करता हूं। क्योंकि यह भारतीय समाज में सामाजिक विषमताओं के उन्मूलन की दिशा में एक क्रांतिकारी विचार है। इन्होंने जो यह बिल लाने का प्रयास किया है उससे लगता है कि श्रीमती विद्या जी के हृदय में यह है कि समाज के अन्दर जो विषमताएं हैं, जाति धर्म, भाषा और दूसरी अनेक प्रकार की जिनसे कि समाज में विभाजनकारी तत्व उभरते हैं उनसे वे ऊब चुकी हैं। वस्तुतः आज देश की स्थिति ऐसी है हम अपने देश में विभिन्न प्रकार के जातिवाद, भाई भतीजावाद, धर्मवाद, भाषावाद, प्रान्तीयतावाद और अन्य नाना प्रकारों के वादों के चक्कर में हम घूम रहे हैं। इस प्रकार से देश के अन्दर विधि प्रभाव, सामाजिक स्वच्छन्दता का भयंकर अभाव हो गया है। ऐसी परिस्थिति में अगर देखा जाए तो यह सब अलग-अलग जातियों और धर्मों द्वारा अलग-अलग मार्ग अपनाने के कारण हुआ है। भारतीय संविधान में भी यह व्यवस्था थी कि सब लोगों को समानता का अधिकार दिया जाए। सब को एक जैसा न्याय मिले और समान अवसर मिलें। संविधान में लिखे होने के 36 वर्षों के बाद भी अभी तक समाज में इसका प्रयोग नहीं हो पाया है। केवल किताबों के पन्नों पर ही यह बात रह गई है। संबिधान में बताया गया है कि 15 वर्षों में हरिजनों, गिरिजनों और आदिवासियों को सबके समान बना दिया जाएगा। आज 36 वर्षों के बाद भी हम समाज में समानता नहीं देख पा रहे हैं। जाति युद्ध, साम्प्रदायिक युद्ध, भाषा युद्ध, प्रांतीयता युद्ध देश में कलह के रूप में उभर रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में देश में ऐसे वातावरण का निर्माण करना होगा जिसमें हम जातिगत भावनाओं से ऊपर उठ सकें।

सारे देश में लगभग 2500 जातियां हैं। इन जातियों का कोई मूल स्रोत या इतिहास नहीं है। सब कर्म पर आधारित हैं। गीता में बताया गया है कि—

चातुर्वर्णयं मया सृष्ट गुण कर्म विभागशः।

जो चार वर्ण हैं वे कर्म के आधार पर हैं। जन्म से नहीं हैं। जन्म से सभी समान होते हैं—

जन्मना जायते शूद्र :
संस्कारात् उच्चयेत द्विजः।

अर्थात् जन्म से सभी सूद्र होते हैं। संस्कारों द्वारा मनुष्य श्रेष्ठ बनता है। हमारे देश में नाना प्रकार के पंथ और ऋषि-मुनियों के गलत प्रचार करने के कारण बहुत से वर्ग पैदा हो गए और समाज छिन्न-भिन्न हो गया। वेद शास्त्रों में इस तरह की कोई बात नहीं है। हिन्दू धर्म शास्त्रों में यह बताया है

"अयं निज परोवेर्तते गणना लघुयेतषाम,
उदारं चरितोनान्तु वसुधैव कुटुम्बकम्।"

सारे विश्व के लोग एक परिवार हैं। कहीं भेद-भाव नहीं है। लेकिन हम लोग अलग-अलग समाजों में बंट गए और एक दूसरे के प्रति संकीर्ण होते चले गए और जातीय भावनाओं के अन्दर आ गए। यही कारण है कि समाज के अन्दर "वीकर इन द इंट्रेस्ट आफ द स्ट्रांगर' या "मत्स्य न्याय" अथवा "बन्दर बांट" के सिद्धांतों पर समाज को कुचला जा रहा है। इस परिस्थिति से उबरने के लिए कोई क्रांतिकारी कदम जरूरी है। अगर कोई जाति है तो वह मानव जाति है - स्त्री जाति है। यह इसलिए कि प्रकृति ने दोनों को अलग-अलग रूप दिया है। भारत में विभिन्नताओं में एकता की बराबर चर्चा होती है। भारत के राजनीतिक और आर्थिक विचारक सब यही कहते हैं, लेकिन सिर्फ बात करने से कुछ नहीं होगा। जब तक व्यवहार रूप में नहीं लाया जाएगा।

MR. DEPUTY SPEAKER : You may continue next time.

———